श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) : मैं सरकार का ध्यान अभी हाल में 5 अगस्त को गंगोत्री क्षेत्र के धराली गांव में आई भीषण आपदा की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। उत्तराखंड प्रदेश में सभी पहाड़ी जिलों में आए दिन बादल फटने की घटानाओं से लोगों को भारी जान और माल दोनों का नुकसान हो रहा है। धराली गांव लगभग समाप्त हो चुका है जो मलबे में दफन हो चुका है। मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि उत्तरकाशी जिले के आपदाग्रस्त क्षेत्रों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की जाय। आपदा में जो लोग अपने परिजनों, भवन, होटल दुकान वो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गँवा चुके हैं, उनको प्रचलित राष्ट्रीय आपदा मानकों से बढ़ाकर मुआवजा दिया जाए।

(इति)

Re: Need to establish a medical college in Maharajganj Parliamentary Constituency

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : मेरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज,बिहार एक अतिपिछड़ा क्षेत्र है । हमारे संसदीय क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण आधुनिक तरीके से उच्च शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थाओं का घोर आभाव है । हमारे संसदीय क्षेत्र में मेडिकल के क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करने वाली एक भी संस्था नहीं है । मेरे संसदीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज नहीं होने से आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब, पिछड़े, अति पिछड़े, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति परिवार के वैसे प्रतिभाशाली छात्र /छात्राये जो मेडिकल के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर अपना भविष्य बनाना चाहते है, वो नहीं कर पाते है। इसलिए हमारे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाना अति आवश्यक है। वैसे भी सरकार की योजना है कि देश के प्रत्येक संसदीय लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जायेगी।

अत : सरकार से मेरा आग्रह है कि वह जनहित में मेरे संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज, बिहार अंतर्गत एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कराये ताकि जनता को स्थानीय स्तर पर मेडिकल की पढ़ाई की सुविधा मिल सके ।

(इति)

Re: Bidding process of tenders in MSME

SHRI VARUN CHAUDHRY (AMBALA): There is a list of 358 items reserved exclusively to be purchased directly from Micro, Small and Medium Enterprises. These items are required to be uploaded in GeM in Q2 quadrant where only MSME or their authorised vendors are able to participate whereas these items including stockinet (listed as item number 283) are uploaded on GeM in Q3 quadrant where anyone can participate in the bids. As this action is going against the objective of promoting the growth and development of MSME by improving their market access and linkages, I request the Minister for Commerce to take corrective measures for the promotion of MSME. (ends)

Re: Need for financial assistance to develop agricultural infrastructure in Zaheerabad Parliamentary Constituency

SHRI SURESH KUMAR SHETKAR (ZAHIRABAD): I rise to highlight the urgent issue of recurring drought and lack of irrigation facilities in the Zaheerabad Parliamentary Constituency. Though it lies in the Manjeera sub-basin of the Godavari Basin, most parts of the region suffer from water scarcity due to the absence of assured irrigation and severely depleted groundwater levels. Agriculture is the main source of livelihood in Zaheerabad. However, without proper irrigation, it has become unsustainable, forcing migration and economic hardship. Except for an automotive unit in Zaheerabad town, there are no major industries to provide alternative employment. Only parts of Banswada, Yellareddy, and Kamareddy receive some water through existing projects — the rest remain neglected. I request the Central Government to allocate ₹2000 crore on a war footing to develop irrigation infrastructure, rejuvenate tanks and lakes, recharge groundwater, and extend canal networks from Nizamsagar and Sriramsagar. In addition, I strongly urge the Government to conduct a comprehensive scientific survey with water resource and agriculture experts to assess the region’s irrigation potential and design sustainable solutions. The future of our farmers depends on this House’s action. Let us not delay. Jai Hind. Jai Kisan.

(ends)

Re: Need for comprehensive measures to control stray dog menace in Kerala

SHRI M. K. RAGHAVAN (KOZHIKODE): Kerala is facing a growing public safety crisis due to alarming surge in stray dog attacks, with over 2.5 lakh bite cases reported in 2024, many involving children and the elderly. Rabies deaths have intensified public fear and exposed serious flaws in animal control and healthcare systems. The rise in stray dog population stems from poor sterilization drives, ineffective waste management and legal hurdles that block timely action. While animal rights matter, they must be balanced with public safety. Local bodies are overwhelmed and under-resourced. State-wide sterilization & vaccination drives, improved waste management, legal reforms to enable swift municipal action, and support from the Union Government are indeed essential. Special focus must be given to sterilising feral dogs, often left out due to difficulty in capturing them, which leads to their unchecked breeding. On Animal Birth Control program, instead of focusing on docile dogs, feral dogs should be caught and focused upon. As lives of people in Kerala are at risk, the Government must act now.

(ends)

Re: Need to rename International Container Transhipment Terminal (ICTT) at Vallarpadam, Kochi and NH 966A in the name of Dr. Manmohan Singh, former Prime Minister

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): Proposal to Honour Dr. Manmohan Singh by Renaming Vallarpadam ICTT, NH-966A, and establishing PSU institutions in his name. I wish to draw the attention of the House to a proposal to suitably honour former Prime Minister Dr. Manmohan Singh for his visionary leadership and unmatched contribution to India's economic and infrastructure transformation. The International Container Transhipment Terminal (ICTT) at Vallarpadam, Kochi, inaugurated in 2011 as India's first transhipment terminal, stands as a milestone in maritime history, reducing dependence on foreign ports. Its development, and the strategic NH-966A (Container Road) linking it, are outcomes of the economic reforms and infrastructure vision championed by Dr. Singh as Finance Minister and Prime Minister. I propose renaming ICTT as "Dr. Manmohan Singh International Container Transhipment Terminal" and NH-966A as "Dr. Manmohan Singh Highway." Further, one major PSU institution in every state should be named after him to perpetuate his legacy. I urge the Government to consider this proposal in consultation with stakeholders as a fitting national tribute to a leader who reshaped India's economic destiny.

(ends)

Re: Timely execution of Sabarimala Airport in Kerala

SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMTHITTA): I would like to draw the attention of the House to the much-anticipated Sabarimala airport project in Kerala. The Detailed Project Report (DPR), prepared by STUP Consultants Ltd., has been submitted to the Central Government through the Kerala State Industrial Development Corporation (KSIDC), with an estimated cost of ₹7,047 crores. The proposed airport has already received site clearance from the Centre and was recently approved by the State Government. According to the DPR, the airport is expected to handle up to 7 lakh passengers annually. This project will significantly enhance connectivity for Sabarimala pilgrims, especially during the peak pilgrimage season, and provide a major boost to the region's infrastructure. Additionally, it will benefit the districts of Pathanamthitta, Kottayam, and Idukki, along with adjoining regions in Tamil Nadu, and serve the interests of the large expatriate community from the area. I urge the Central Government to expedite the approval of the DPR and extend full support for the timely execution of this vital infrastructure project. (ends)

Re: Request for inclusion of the Banjara Community in the List of Scheduled Tribes

श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर (खीरी) : मैं आपका ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय, उत्तर प्रदेश के बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित कराने की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। बंजारा समाज को एस. टी. की सूची में शामिल किए जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को सात बार 1993, 1998, 2001, 2005, 2013, 2015 एवं 2019 में प्रस्ताव भेजे गए लेकिन R.G.I गृह विभाग बार बार प्रश्न कर टिप्पणी लगाता आ रहा है। उत्तर प्रदेश में अभी तक बंजारा समाज ओ. बी. सी. की सूची में दर्ज है, जबकि बंजारा समाज आदिवासी जनजाति समाज है जो कि सामाजिक विषमता का द्योतक है। जब आरक्षण अधिनियम संविधान द्वारा लागू हुआ था तभी बंजारा समाज को एस. टी. आरक्षण दे देना चाहिए था। संविधान के रचियताओं एवं संविधान सभा के किसी भी सदस्य का ध्यान बंजारा समाज जैसी जनजाति पर नहीं गया। उस दौरान अपने भारत देश में बनने वाली देश भक्ति सहित प्रत्येक फ़िल्म में भी बंजारा समाज की भूमिका का चित्रण अवश्य होता था जिससे स्पष्ट है कि आजादी की लड़ाई में बंजारा समाज का योगदान रहा है। बंजारा समाज आर्थिक, शैक्षणिक व बौद्धिक रूप से काफी पिछड़ा समाज है। अतः आदिवासी जनजाति बंजारा समाज आदिम प्रवृत्ति, भौगोलिक अलगाव, अन्य समुदाय से मिलने में संकोच, अत्यधिक पिछड़ापन एवं भिन्न संस्कृति संजोए हुए रुढ़िवादी रीती रिवाज एवं परंपरा से परिपूर्ण, भिन्न बोली भाषा बोलने वाला, सभी मापदंडों से परिपूर्ण अनुसूचित जनजाति का दर्जा एवं आरक्षण प्राप्त करने का हकदार है। अत: बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित कराने की यथाशीघ्र कृपा करें।

(इति)

Re: Need for High Level inquiry into alleged irregularities under Jal Jeevan Mission

श्री नीरज मौर्य (आंवला) : जल जीवन मिशन के तहत हर घर योजना में व्याप्त अनियमित्ताएं और सुचारू रूप से मेरे क्षेत्र आंवला, जनपद बरेली, बदायूँ समस्त उत्तर प्रदेश में उक्त योजना से लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। अधिकतर गांव में पेयजल शुद्धि की गंभीर समस्या बनी रहती है। इस योजना के तहत गांव की गलियां भी खोदी गई है, जिसकी मरम्मत अधूरी पड़ी है। अत: मेरा सरकार से आग्रह है कि पूरी योजना की उच्चस्तरीय जांच कराकर शीघ्र शुद्ध पेयजल की सप्लाई ग्रामीणों को कराई जाए।

(इति)

Re: Need to ensure proportionate and timely contribution of Central Government share in Centrally-sponsored schemes implemented in Tamil Nadu

SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI (THOOTHUKKUDI): I rise to draw the attention of this House to the issue of the Disproportionate financial burden imposed on Tamil Nadu in implementing centrally sponsored schemes. Official data reveals that Tamil Nadu contributes a significantly higher share than the Union Government for at least six Union Government schemes, like Pradhan Mantri Awas Yojana(PMAY), Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana(PMMSY),etc. Under PMAY, Tamil Nadu bears 61% of the total cost of ₹2,83,900 per house, while the Union Government contributes only 39%. More alarmingly, under PMMSY, the state shoulders 73% of expenses against the Union's 27%, completely reversing the prescribed 60:40 formula. Additionally, Tamil Nadu tops up the Indira Gandhi Old age pension scheme by adding ₹1,000 to the Union's ₹200, contributing over 83% of the total pension. And for Jal Jeevan mission Tamil Nadu contributes 55% of the funds while it was supposed to be 50:50. Despite these schemes bearing the Prime Minister's name and being projected as Union Government schemes, Tamil Nadu effectively funds more than half the costs. It violates fiscal federalism and equitable fund allocation. I urge the Government to immediately review funding arrangements for centrally sponsored schemes and increase their contribution to ensure adherence to prescribed cost-sharing formulas.

(ends)

Re: Establishment of a second campus of the National Institute of Water Sports in Konaseema district, Andhra Pradesh

SHRI G. M. HARISH BALAYOGI (AMALAPURAM): Konaseema district in Andhra Pradesh is one of the most ecologically diverse and naturally endowed aquatic regions in the country, yet its immense potential for tourism and water sports remains largely untapped. The district is home to over 107 kilometers of calm, navigable backwaters, a unique tidal confluence at Antarvedi, and the Coringa mangrove forests. Together, these water bodies create an aquatic landscape that is both scenically captivating and uniquely suited for water-based tourism, adventure sports, and ecological exploration. Konaseema also features island creeks, traditional boat races, and centuries-old artisanal boat-building practices, offering deep-rooted cultural value and community engagement. The region's backwaters are active throughout the year, making them ideal for consistent training and recreational activities. Despite these extraordinary assets, Konaseema remains underdeveloped in terms of tourism infrastructure, skill development, and institutional support. Therefore, I would request the Government to consider the establishment of a second campus of the National Institute of Water Sports in Konaseema district. The campus can serve as a centre of excellence for water sports training, eco-tourism capacity building, traditional skill preservation, and environmental research thereby empowering local youth through skill development and expanding livelihood opportunities in a sustainable, water-based tourism economy. (ends)

Re: Development of religious and tourist sites in Sheohar Parliamentary Constituency under "PRASAD" Scheme

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) : 'प्रसाद' योजना के माध्यम से पूरे देश में धार्मिक स्थलों का विकास हो रहा है। इसी संदर्भ में, मैं पर्यटन मंत्री जी का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र शिवहर की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ, जहाँ धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। मेरे क्षेत्र में द्वापर काल से जुड़ा बाबा भुवनेश्वर नाथ का अति प्राचीन देकुली धाम मंदिर है, जो लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। इसी प्रकार, चिरैया विधानसभा क्षेत्र में चिरैया गोढ़िया माई मनोकामना मंदिर है, जहाँ नवरात्र में लाखों श्रद्धालु आते हैं और महमदा शिव मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ होती है। इसके अतिरिक्त, पताही का देवापुर संगम घाट, जहाँ नेपाल से आने वाली बागमती एवं लालबकेया नदियों का संगम होता है, एक पवित्र स्थल है। यहाँ से अरेराज बाबा धाम के लिए लगभग दस लाख कांवड़िये जल उठाते हैं। इन सभी स्थलों का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व होने के बावजूद, यहाँ सुविधाओं का अभाव है। मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि शिवहर लोकसभा क्षेत्र के इन महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों देकुली धाम, चिरैया गोढ़िया माई मंदिर, महमदा शिव मंदिर और देवापुर संगम घाटको 'प्रसाद' योजना में शामिल किया जाए, ताकि इन क्षेत्रों का विकास हो सके, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें और स्थानीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिले।

(इति)

Re: Need to review decision to privatize the public hospitals in Mumbai, Maharashtra

SHRI SANJAY DINA PATIL (MUMBAI NORTH-EAST): I wish to raise a serious concern about the growing trend of privatizing the public hospitals in Mumbai, particularly under the PPP model. I would like to share the example of M.T. Agarwal Hospital in Mulund. Despite public funds used for its redevelopment, it remains shut, and there are plans to hand it over to private operators. The same is happening with hospitals in Bandra, Vikhroli, Borivali, Govandi and Mankhurd. These hospitals serve lakhs of people, especially those from slum areas who rely solely on government healthcare. If these hospitals are privatized, most services will be out of reach for the poor. In areas like Govandi and Mankhurd citizens are demanding affordable and accessible healthcare, not commercialization. Past PPP attempts have led to staff mismanagement and poor services. I demand that the Government stop further privatization, ensure all redeveloped hospitals remain fully public, and bring in a clear, transparent health policy that protects the needs of the poor. (ends)

Re: Need to attach additional coaches to DEMU trains running from Daund to Pune and from Baramati to Pune in Maharashtra

SHRIMATI SUPRIYA SULE (BARAMATI): I wish to highlight the need for improved Rail Services and Suburban Status for Daund and Jejuri. Daund, an emerging taluka near Pune, has many residents commuting to Pune daily for work. However, Diesel Electric Multiple Unit (DEMU) trains remain the sole mode of transport. These overcrowded trains are slow, make unscheduled stops, and suffer from technical breakdowns, including occasional fire incidents. They result in discomfort, avoidable delays, and even job losses. Furthermore, the proposed work on the Solapur highway may lead to a shift towards rail travel, potentially exacerbating the overcrowding. To alleviate this, we propose extending the Electrical Multiple Unit train to Daund. Similarly, Jejuri, home to Maharashtra's revered Kuladaivat temple and the Maharashtra Industrial Development Corporation (MIDC), faces significant challenges in commuting to Pune due to the inadequate transportation facilities. We have actively sought the designation of Daund Junction and Jejuri Railway Station as suburban sections; however, the Railway Board has so far declined our request for classification. I urge the Government to reconsider this proposal. Until Daund is officially declared a suburb, we urgently request that at least 5 to 6 additional coaches be attached to the Daund to Pune and Baramati to Pune DEMU trains.

(ends)

Re: Need to provide stoppage to all enrouted express trains at Muddanuru Railway Station in Andhra Pradesh

SHRI Y. S. AVINASH REDDY (KADAPA): I would like to draw the attention of the House to a long-pending demand of the railway users of the YSR Kadapa District of Andhra Pradesh to provide stoppage to all express trains at Muddanuru Railway Station. Muddanuru is an important town in the YSR Kadapa District, previously serving as a Samiti Headquarters, and continues to host various vital government offices such as Agriculture, Horticulture, Veterinary Hospital, Forest Range Office, and ICDS Office, etc. Despite its significance, express trains currently do not halt at this station, causing severe inconvenience to the public. Stoppages of several trains had been withdrawn during COVID-19 pandemic and have not been restored so far. Passengers of the surrounding areas, viz. Jammalamadugu and Pulivendula rely on Muddanuru Station to travel to major cities like Mumbai, Chennai, Vijayawada, etc. Many students, government employees, traders, and farmers, including those lemon export business, are facing hardships due to want of stoppages of express trains at Muddanuru Railway Station. In spite of repeated appeals by MPs, MLAs, and other representatives, the situation remained unresolved. Hence, I request the Hon'ble Minister for Railways to ensure stoppages to all express trains at Muddanuru Railway Station, in the larger interest of the public. (ends)

Re: Need for one time loan waiver to farmers to reduce debt burden

श्री अमरा राम (सीकर) : देश में एल पी जी की नीतियां लागू करने के बाद इनपुट खाद, बीज, डीजल, पेस्टिसाइड्स तमाम इनपुट्स कंपनियों के हवाले करने से कीमत में भारी वृद्धि हुई है तथा किसानों को जींस की पहले वाली कीमत नहीं मिलती तथा कंपनियां नकली खाद व बीज, किसानों को देकर नुकसान पहुंचाती हैं। पकड़े जाने पर मात्र ₹500 का जुर्माने का प्रावधान होने से कंपनियों कोई फर्क नही पड़ता। इस कारण से किसान कर्जदार होता गया तथा इस कर्जे के कारण लाखों किसानों ने मौत को गले लगा लिया। इस समस्या को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा स्वामीनाथन आयोग का गठन किया गया तथा रिपोर्ट प्राप्त हुई। लेकिन 2006 से पैदावार के लाभकारी भाव की कानूनी गारंटी आज तक नहीं दी गई। अतः देश के किसानो द्वारा केसीसी एवं पशुपालन पर लिया गया ऋण एक दफा माफ करके किसानों को कर्ज मुक्त करें। किसानों को सालाना ₹6000 की आर्थिक मदद कम है। अत: सरकार से अनुरोध है कि एक दफा किसानों को कर्ज मुक्त किया जाए ताकि वे विकास में योगदान के लिए आगे आने में योगदान दे।

(इति)

Re: Need for improvement in National Overseas Scholarship Scheme for the students of Scheduled Tribes Community

श्री राजकुमार रोत (बांसवाड़ा) : राष्ट्रीय विदेश छात्रवृत्ति योजना (NOS) के अंतर्गत वर्ष 2013 में तय की गई $15,400 की वार्षिक राशि आज 11 वर्षों के बाद भी वही है, जो कि विदेशों में अध्ययन करने छात्रों के लिए पर्याप्त नहीं है जिससे छात्रों को भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही, वर्ष 2013 में अनुसूचित जाति हेतु 60 सीटें और अनुसूचित जनजाति के लिए 20 सीटें आरक्षित की गई थीं। जबकि वर्ष 2024 में अनुसूचित जाति के लिए सीटों की संख्या बढ़ाकर 125 कर दी गई, परंतु अनुसूचित जनजाति के लिए आज भी 20 सीटें ही आरक्षित हैं। एक्सटर्नल अफेयर मिनिस्ट्री के अनुसार, वर्ष 2012 में 1.90 लाख भारतीय छात्र विदेशों में अध्ययन कर रहे थे, वर्ष 2024 में यह संख्या बढ़कर 13 लाख हो गई है। दुर्भाग्यपूर्ण रूप से, आज भी अनुसूचित जनजाति के केवल 20 छात्रों को ही इस योजना का लाभ मिल पा रहा है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए इस योजना में सुधार की आवश्यकता है। इसलिए, अनुसूचित जनजाति और अन्य वंचित वर्गों के छात्रों के साथ हो रहे इस अन्याय को लेकर सदन में तत्काल चर्चा की अति-आवश्यकता है।

(इति)

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1206 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा चौदह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1400/DPK/SNL)

1400 बजे

लोक सभा चौदह बजे पुनः समवेत् हुई।

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

अतंर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री – '2047 तक विकसित भारत' के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष चर्चा

1400 बजे

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज हम सदन में अतंर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री – '2047 तक विकसित भारत' के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका विषय पर विशेष चर्चा प्रारंभ कर रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व और उत्साह का क्षण है। सदन इस ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन श्री शुभांशु शुक्ला का भारत की धरती पर हार्दिक अभिनंदन करता है, स्वागत करता है। उनकी अंतरिक्ष यात्रा और सफल वापसी केवल एक मिशन की सफलता नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। ग्रुप कैप्टन श्री शुभांशु शुक्ला की यह उपलब्धि हमारे युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आज भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम वैज्ञानिक श्रेष्ठता, विशिष्टता और विश्वसनीयता से पूरे विश्व में अपनी विशेष पहचान बना चुका है। मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे इस महत्वपूर्ण विषय पर व्यापक चर्चा-संवाद करें और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम, विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र की उपलब्धियों एवं भावी संभावनाओं पर अपने सकारात्मक विचार भी व्यक्त करें।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं सभी दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों से पुनः आग्रह करता हूं कि वे विकसित भारत 2047 का लक्ष्य प्राप्त करने में सार्थक इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने रचनात्मक विचार रखें, जिससे भारत के वैज्ञानिक समुदाय और युवा प्रतिभाओं में भारत की संसद से एक मजबूत संदेश जा सके।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मुझे आशा है कि सभी दलों के नेता और माननीय सदस्य इस राष्ट्रीय महत्व के विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे ताकि हमारे देश के युवा वैज्ञानिकों और युवाओं में संसद के माध्यम से नई दिशा जाए, सामूहिकता का एक संदेश जाए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि यह महत्वपूर्ण विषय है। यह भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि और अंतरिक्ष का महत्वपूर्ण विषय है। आप अपनी-अपनी सीट पर जाकर बैठें।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं सबको इस विषय पर बोलने के लिए पर्याप्त अवसर एवं पर्याप्त समय दूंगा।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, इससे एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह संदेश देश और दुनिया में जाएगा कि भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान में कितनी श्रेष्ठता हासिल की है। यह भारत के लिए कितनी बड़ी उपलब्धि है। यह उपलब्धि का क्षण हमारे लिए गौरवगान करने का क्षण है और विशेष रूप से जब ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भारत वापस आए हैं।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह जी।

(1405/PC/RP)

1405 बजे

(इस समय डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन, श्रीमती शताब्दी राय बनर्जी, श्री धर्मेन्द्र यादव, श्री बी. मणिक्कम टैगोर और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

1405 बजे (श्री दिलीप शइकीया पीठासीन हुए)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, प्लीज़, आप सब लोग जाकर अपने आसन पर बैठिए।

… (व्यवधान)

1405 बजे

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री; पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री; प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री; परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री; तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री (डॉ. जितेंद्र सिंह) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे यह देखकर और यह कहते हुए बहुत पीड़ा महसूस हो रही है कि एक ऐसे वक्त में, जब मुल्क में जश्न का माहौल है, जब हर देशवासी गौरवांवित महसूस कर रहा है, जब देश अंतरिक्ष की उपलब्धियों का उत्सव मना रहा है, तो विपक्ष हमारी अंतरिक्ष की उपलब्धियों के लिए अंतरिक्ष से जुड़े विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों को बधाई देने में भी असफल है और उसके लिए तैयार नहीं है। ... (व्यवधान)

आपकी नाराज़गी सरकार के साथ हो सकती है, आपकी नाराज़गी भारतीय जनता पार्टी और एनडीए के साथ हो सकती है, परंतु हैरत है कि आपकी नाराज़गी एक अंतरिक्ष यात्री, गगन यात्री के साथ भी हो सकती है? ... (व्यवधान) वह एक ऐसा अंतरिक्ष यात्री है, जो एस्ट्रोनॉट होने के साथ-साथ भारतीय वायु सेना का एक अनुशासनबद्ध सिपाही भी है। ... (व्यवधान) उसका ताल्लुक न किसी राजनीतिक दल से है, न किसी राजनीतिक पार्टी के साथ है। ... (व्यवधान) आपसे बार-बार संसदीय मंत्री जी की ओर से अपील की गई, माननीय अध्यक्ष जी की ओर से अपील की गई, लेकिन, यह अजीब मंज़र है कि आप धरती से भी नाराज़ हैं, आप आकाश से भी नाराज़ हैं और आज आप अंतरिक्ष से भी नाराज़ दिखते हैं। ... (व्यवधान)

सभापति महोदय, एक चिकित्सक होने के नाते, एक मेडिकल डॉक्टर होने के नाते मैं यह मनोस्थिति समझ सकता हूं। ... (व्यवधान) यह नाराज़गी उस समय वाक़या होती है, जब आदमी हताश होता है, जब आदमी निराशा से बेहाल हो जाता है, तो वह दरहकीकत नाराज़गी किसी और से नहीं होती, नाराज़गी अपने आप से होती है। ... (व्यवधान)

सभापति जी, आप विपक्ष जिस तरह का प्रदर्शन कर रहा है, यह उनकी अपने प्रति नाराज़गी का इज़हार है, क्योंकि वे अपने हर मंसूबे में विफल हैं, उनकी कोई बात नहीं बन पा रही है। ... (व्यवधान) फिर भी मैं अपनी बात रखने से पहले, ताकि कहीं यह संदेश न जाए कि हमारी ओर से पर्याप्त प्रयास नहीं हुए, इसलिए, मैं पूरी विनम्रता से, सिर झुकाकर सदन के तमाम साथियों से और विपक्ष वालों से यह अपील करूंगा कि यदि आपको सरकार का या देश का लिहाज़ नहीं, तो कम से कम अंतरिक्ष की उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विशेषज्ञों के लिए आप इस चर्चा में भाग लें, वापस आएं। ... (व्यवधान)

सभापति महोदय, अहमद फराज़ का एक बड़ा मशहूर शेर है –

"किस-किस को बताएंगे जुदाई का सबब हम
तू मुझ से ख़फ़ा है तो ज़माने के लिए आ,
किस-किस को सुनाएंगे हम तुम्हारे शोर-ओ-गुल का सबब,
तू मुझ से नाराज़ है तो शुभांशु के लिए आ।"

बहरहाल, दुनिया किसी के रोकने से नहीं रुकती। … (व्यवधान)

"बहारें फिर भी आती हैं, बहारें फिर भी आएंगी।"

'विकसित भारत' की यह तेज रफ्तार यात्रा यूं ही चलती रहेगी, इसको कोई रोक नहीं सकता। … (व्यवधान) प्रधानमंत्री मोदी जी के दृढ़ निश्चय और दृढ़ संकल्प को कोई हिला नहीं सकता। … (व्यवधान) Nobody can shake the courage and conviction of Prime Minister *Modi Ji*. … (*Interruptions*)

(1410/RHL/RTU)

माननीय सभापति महोदय, आज ऐसा वक्त है, जब सारा देश जश्न के माहौल में है। … (व्यवधान) हर मां अपने बच्चे के लिए दुआ करती है कि वह बड़ा होकर शुभांशु शुक्ला बने और हर बच्चा यह ख्वाब देख रहा है कि मैं भी बड़ा होकर शुभांशु शुक्ला बनूं। … (व्यवधान) आज दुनिया ने भारत की क्षमताओं के आगे सर झुकाया है। … (व्यवधान) सफल यात्रा के पश्चात् कल ही शुभांशु शुक्ला की राजधानी दिल्ली में वापसी हुई है, आगमन हुआ है। … (व्यवधान) उससे कुछ ही समय पहले ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा अंतरिक्ष में धरती से आकाश तक भारत की क्षमताओं का प्रदर्शन देखकर सारे विश्व ने हिंदुस्तान का लोहा माना है। … (व्यवधान) ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी अंतरिक्ष विभाग और स्पेस टेक्नोलॉजी की जो भूमिका रही है, उस भूमिका को निभाने के लिए जो टेक्नोलॉजी अपनाई गई। … (व्यवधान) ऐसा विगत दस वर्षों में मोदीजी की सरकार आने के बाद हुआ है। इस तरह से मुझे यकीन है कि एक समय आएगा, … (व्यवधान) जब इतिहासकारों से यह प्रश्न किया जाएगा कि ऐसा क्यों हुआ कि 60-70 वर्षों तक हमारा अंतरिक्ष विभाग अलग-थलग पड़ा हुआ एक सुस्त रफ्तार में काम करता रहा था? … (व्यवधान) जब इस प्रश्न का उत्तर ढूंढा जाएगा, तब यह समझ में आएगा कि 26 मई, 2014 में जिस दिन मोदीजी ने प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला था, तो एक नए अध्याय का आरम्भ हुआ। … (व्यवधान) तब अंतरिक्ष की इस यात्रा ने गति भी पकड़ी, बल भी पकड़ा और उसको ताकत भी मिली। … (व्यवधान)

दूसरा प्रश्न यह भी पूछा जाएगा कि ऐसा पहले भी हो सकता था, लेकिन क्यों नहीं हुआ? …(व्यवधान) इस प्रश्न का शायद यह उत्तर होगा कि हमारे देश में कभी प्रतिभा की कमी नहीं थी। … (व्यवधान) हमारे वैज्ञानिकों में, हमारे विशेषज्ञों में काबिलियत भी थी, योग्यता भी थी, सलाहियत भी थी। … (व्यवधान) क्षमता भी थी, आंखों में सपने भी थे, दिल में अरमान भी थे, मेहनत करने का माद्दा भी था। … (व्यवधान) लेकिन अगर कमी थी तो कमी उस अनुकूलता की थी, जो नीति निर्धारकों की ओर से अपेक्षित होती है। … (व्यवधान) यदि कोई अभाव था, तो अभाव था उस सपोर्ट सिस्टम का, जो राजनीतिक नेतृत्व, पॉलिटिकल डिस्पेंसेशन से अपेक्षित होता है और उस अभाव की पूर्ति, उस कमी की पूर्ति मोदीजी के आने के बाद सन् 2014 में हुई है। … (व्यवधान) इसके पीछे कड़ी मेहनत की गई। कई क्रांतिकारी निर्णय लिए गए। एक के बाद एक स्पेस रिफॉर्म्स लाए गए। … (व्यवधान) जो कभी किसी ने न सोची, न कल्पना की, तसव्वुर किया। ऐसे-ऐसे कदम उठाए गए। … (व्यवधान) अंतरिक्ष विभाग को प्राईवेट सेक्टर के लिए खोल दिया गया और उत्साहित होकर मीडिया ने लिखा कि Modi has unlocked India's Space.

…(व्यवधान) यह काम केवल यह सरकार कर सकती है। … (व्यवधान) केवल एक ऐसे प्रधानमंत्री who has the courage or conviction to break the taboos of the past and to take path-breaking decisions and to take out of box decisions. … (व्यवधान) देखते ही देखते कुछेक वर्षों में जहां हमारी स्पेस इकोनॉमी केवल नाममात्र हुआ करती थी। … (व्यवधान) वह आज आठ बिलियन यूएस डॉलर तक जा पहुंची है। … (व्यवधान) इतनी तेज रफ्तार में उसकी प्रगति हो रही है कि आंकड़ा यह दर्शाता है कि आने वाले आठ-दस वर्षों में इसमें लगभग पांच-छह गुना वृद्धि होगी। … (व्यवधान) हम 45 बिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचकर देश की अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार होंगे। … (व्यवधान) देश को चौथे दर्जे से पहले दर्जे की इकोनॉमी बनाने में स्पेस की एक प्रमुख भूमिका रहेगी। … (व्यवधान) जहां कुछ वर्ष पहले तक किसी को यह अंदाजा न था कि स्पेस में भी स्टार्टअप हो सकते हैं। … (व्यवधान) आज वहां 300 से अधिक स्टार्टअप हैं और उनमें से बहुत सारे विश्वस्तरीय हैं। … (व्यवधान) आपको यह जानने में दिलचस्पी होगी कि इसरो की विधिवत औपचारिक स्थापना सन् 1969 में हुई थी। … (व्यवधान) यह वह साल था जब अमेरिका ने चांद की धरती पर पहला मानव उतारा था। … (व्यवधान)
(1415/KN/UB)

हमारा जन्म हो रहा था। लेकिन आज चांद की धरती पर पानी अथवा जल के होने का प्रमाण हमारा चंद्रयान लेकर आया है और विश्व को मानव जीवन की संभावनाओं को परखने के लिए प्रेरित किया है। … (व्यवधान)

आज चांद के साउथ पोल पर पहुंचने वाला हमारा मिशन चंद्रयान-3 है।… (व्यवधान) आज वह जमाना नहीं रहा कि दूसरे देश कोई सफल प्रयोग करते थे और हम उनका अनुसरण करते थे।… (व्यवधान) उदाहारण के तौर पर टेलीविजन अमेरिका के दर्शकों ने सन् 1950 के दशक में देखा।… (व्यवधान) 1960 का बहुत चर्चित राष्ट्रपति चुनाव, जिसमें कैनेडी ने रिचर्ड निक्सन को एक टीवी डिबेट के बाद पराजित कर दिया था।… (व्यवधान) उस समय हमें यह मालूम नहीं था कि टीवी क्या है और डिबेट क्या है? … (व्यवधान) इस दिल्ली शहर में भी पहला चित्रहार हमें कहीं 1970-71 में जाकर देखने को मिला, लेकिन अब दृश्य बदल चुका है।… (व्यवधान) India is no longer a follower. On the other hand, India beckons others to follow. शुभांशु ने भी ऐसे बहुत सारे प्रयोग किए हैं, जिनका जिक्र मैं अगले तीन-चार मिनट में आपके सामने रखूंगा।… (व्यवधान) लेकिन उससे पहले यह भी कहना लाजिमी है कि बहुत सारे लोग यह कहते हैं कि साहब आप चांद की धरती पर तो जा रहे हैं, अंतरिक्ष में जा रहे हैं, लेकिन इससे हमें क्या लाभ है? … (व्यवधान) I have the confidence to say that India has produced a unique model of using or applying space technology for the ease of living, for infrastructure projects, and for development projects. Today, space technology has entered each and every household in India.

हमारे 'गतिशक्ति' जैसे पोर्टल आज विश्वस्तरीय हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग, मॉनीटरिंग में ग्लोबल मॉडल बन चुके हैं।… (व्यवधान) टेलीमेडिसिन हो, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, कम्युनिकेशन हो,

फ्लड और डिजास्टर मैनेजमेंट में आज हमारी स्पेस टेक्नोलॉजी दूसरों के लिए सूचनाएं प्रदान करती हैं।... (व्यवधान) हाउसिंग और अर्बन डिपार्टमेंट की अमृत स्कीम में 500 शहर, स्मार्ट सिटीज़ में 100 शहर – स्पेस टेक्नोलॉजी के उपयोग से ये कार्यक्रम आगे बढ़ रहे हैं।... (व्यवधान) मैंने डिफेंस का जिक्र अभी किया है। 'ऑपरेशन सिन्दूर' ने हमारी स्पेस टेक्नोलॉजी की डिफेंस की क्षमताओं को पाकिस्तान की धरती पर प्रमाणित करने का अवसर दिया और उस अवसर का बखूबी फायदा लिया गया।... (व्यवधान)

आप एग्रीकल्चर सेक्टर में देखिये। हर प्रकार से स्पेस टेक्नोलॉजी का उपयोग हो रहा है।... (व्यवधान) जियो मनरेगा, रेलवे और यहां तक कि यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट भी अब स्पेस टेक्नोलॉजी के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं।... (व्यवधान) जहां तक एग्जियम-4 और इस मिशन का ताल्लुक है, जिसमें शुभांशु शुक्ला जी हिस्से थे तो यह बात मैं यह कहकर शुरू करूंगा कि एग्जियम-4 एवं इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यह कहानी बड़े करीब से गगनयान की कहानी से जुड़ती है।... (व्यवधान) इस कहानी का आगाज 15 अगस्त, 2018 को हुआ था, जब लाल किले की प्राचीर से प्रधान मंत्री ने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में देशवासियों के आगे यह घोषणा की थी कि आगे कुछ वर्षों में भारतीय मूल का एक व्यक्ति चांद की धरती पर उतरने का काम करेगा और सारे देश को एक अजीबोगरीब फख्र का एहसास हुआ था।... (व्यवधान) उसके उपरांत एज ए फॉलो-अप, इसरो ने चार ऐसे व्यक्तियों का चयन किया, जिसके लिए उनको प्रशिक्षण दिया गया।... (व्यवधान) उसमें ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अंगद, ग्रुप कैप्टन कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला थे, जो अब ग्रुप कैप्टन बन चुके हैं और जिनके नाम का उल्लेख अध्यक्ष जी ने भी किया।... (व्यवधान) इनका प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ और फरवरी, 2024 में the hon. Prime Minister awarded these four potential astronauts with 'Astronaut Wings' at the Vikram Sarabhai Space Centre, जब प्रधान मंत्री जी का वहां विजिट हुआ था।... (व्यवधान) फिर एक ऐसा मोड़ आया कि प्रधान मंत्री सन् 2023 में वाशिंगटन डीसी के दौरे पर थे और चर्चा के दौरान यह पेशकश आई कि इंटरनेशनल स्पेस मिशन पर उनके जो एस्ट्रोनॉट्स जा रहे हैं, उनके हमराह एक हिन्दुस्तानी भी जाए, जो बहुत ही अच्छा हुआ।... (व्यवधान) पहली बार प्रत्यक्ष रूप से भारतीय अंतरिक्ष विभाग और उसके साथ जुड़े हुए लोगों की क्षमताओं की मान्यता अमेरिका की धरती पर की जा रही थी।... (व्यवधान)

(1420/ANK/NKL)

देशभर के अलावा विदेशों में की जा रही थी। इस प्रकार इस मिशन का हिस्सा बनने के लिए शुभांशु शुक्ला और उनके साथ बैकअप के रूप में ग्रुप कैप्टन प्रशांत बोस्टन पहुंचे। ...(व्यवधान) इसमें एक बात और भी जोड़नी है कि इसमें भारत की ओर से लागत ...(व्यवधान) इस समय मैं अंतरिक्ष में खड़ा हूं। यह पोस्टर मेरे तक नहीं पहुंचेगा। यह अंतरिक्ष तक नहीं पहुंचेगा। ...(व्यवधान) बहरहाल, हमारी तरफ से खर्चा केवल और केवल 548 करोड़ रुपए हुआ है, अर्थात् 65 मिलियन यूएस डॉलर्स, which is a very small amount compared to other missions across

the world. …(*Interruptions*) In other words, India has now also specialised the technique of conducting cost-effective missions. …(*Interruptions*)

जो हमारे फाइनेंशिलय रिसोर्सेज हैं, कभी-कभी उनके अभाव को पूरा करने के लिए हम अपने इंटेलेक्चुअल और सेरिब्रल रिसोर्सेज के इस्तेमाल करते हैं। …(व्यवधान) जैसे कि चंद्रयान भी केवल 600 करोड़ रुपए में पूरा हो गया था। हमारा गगनयान 10 हजार करोड़ रुपए में पूरा हो गया था। …(व्यवधान) इसी प्रकार यहां भी केवल 500 करोड़ रुपए में हमने इसको पूरा कर लिया। 400 किलोमीटर की दूरी थी, जिसे अमेरिका में मीलों में गिना जाता है, because they have a different system of measurement, that is, miles. …(*Interruptions*) उसे धरती से अंतरिक्ष तक जाना था। 28 घंटे का सफर था, 27,800 किलो मीटर की स्पीड थी और 14 दिन का यह सारा मिशन था। …(व्यवधान) इसके उपरांत उनकी ट्रेनिंग का क्रम शुरू हुआ। दोनों एस्ट्रोनॉट्स की 11 महीने की ट्रेनिंग हुई। 25 जून, 2025 को कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा से इनका टेक-ऑफ होता है। …(व्यवधान) लगभग 3 सप्ताह होते-होते 15 जुलाई को सैन डिएगो, कैलिफोर्निया अटलांटिक ओशियन में इनकी वापसी होती है। वापसी के बाद शुभांशु को एक सप्ताह मेडिकल इवैल्यूएशन के लिए रखा जाता है। …(व्यवधान) लगभग एक सप्ताह उनकी डीब्रीफिंग इसरो के साथ होती है। फिर उसके बाद लगभग 2 सप्ताह तक नासा के साथ, एक्सिओम के साथ, स्पेसएक्स के साथ उनकी डीब्रीफिंग होती है। …(व्यवधान) यानी यह प्राइवेट पब्लिक पार्टिसिपेशन का भी उदाहरण है। आखिरकार, 13-14 तारीख को वह वापसी की तैयारी करते हैं और 14 अगस्त को उनका दिल्ली आना होता है। …(व्यवधान) इसमें बड़ी महत्वपूर्ण बात यह जोड़नी है कि जो हमारे 4 वैज्ञानिक थे, 4 एस्ट्रोनॉट्स थे, जिनकी हैड एक 65 वर्षीय महिला पैगी व्हिटसन थी। …(व्यवधान) उनके अतिरिक्त एक पोलैंड के स्लावोज़ और हंगरी के टिबोर कापू इसमें शामिल थे, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका, सबसे महत्वपूर्ण काम शुभांशु शुक्ला को दिया गया था। …(व्यवधान) यह हमारी क्षमताओं की एक विश्वसनीयता है। शुभांशु शुक्ला पायलट भी थे। शुभांशु शुक्ला ने वह काम किया जो दर-हकीकत एक बायोटेक्नोलॉजिस्ट को करना था। …(व्यवधान) परसों जब मैं उनसे मिला, तो मैं उनसे कहा कि हमने तो आपको इतना ट्रेन कर दिया कि अब आप बायोटेक्नोलॉजिस्ट भी बन सकते हैं, क्योंकि वे ऐसे एक्सपेरिमेंट्स थे, जो लाइफ साइंसेज के साथ ताल्लुक रखते थे, एग्रीकल्चर के साथ ताल्लुक रखते थे, प्लांट बायोटेक्नोलॉजी के साथ ताल्लुक रखते थे, …(व्यवधान) लेकिन वहां पर किसी डॉक्टर का जाना शायद इतना आसान न था, क्योंकि उसके लिए you require acclimatisation training. But Shubhanshu proved to be a very good learner. … (*Interruptions*) कुछ ही समय में उन्होंने उन सारे प्रयोगों का प्रोसीजर समझ लिया, ग्रहण कर लिया और बखूबी से उन्हें निभाया। …(व्यवधान) जो भी प्रयोग हुए हैं, ये मुख्य तौर पर छः श्रेणियों में बांटे जा सकते हैं। इनमें दो प्रयोग जो लाइफ साइंसेज को लेकर हैं। …(व्यवधान) यानी वहां पर मसल्स का डिस्ट्रक्शन हो जाता है, वेस्टिंग हो जाती है, जिसे बायोजेनेसिस स्टडीज कहते हैं। It deals with how to preserve the muscle function and how to strategise recovery. …(*Interruptions*) दूसरा, उन्हें लगातार टेलीविजन की स्क्रीन

देखनी पड़ती है, कंप्यूटर की स्क्रीन देखनी पड़ती है। So, it is to be determined what the cognitive effects of continuous exposure to these electronic gadgets are. ये ऐसे प्रयोग हैं, जिनका फायदा हमें धरती पर भी होगा। …(व्यवधान) तीसरा, स्पेस के अंदर किस तरह से एडीबल एल्गीज लाए जाएं। चौथा, किसी तरह से चावल, मूंग के बीज जीरो ग्रेविटी पर बोए जा सकें। साइनोबैक्टीरिया, जो एक्सट्रीम कंडीशन में काम करते हैं, उनकी ग्रोथ कैसी हो।
(1425/RAJ/VR)

कुल मिला कर मुझे इन छ: श्रेणियों के सबसे बड़े महत्व को साझा करते हुए बड़ा गर्व और हर्ष हो रहा है कि इससे तीन अहम संदेश गए हैं।…(व्यवधान) पहला, ये सारे के सारे इंडिजिनस थे।…(व्यवधान) सारे किट्स हिन्दुस्तान में विकसित किए गए।…(व्यवधान) इसी मंत्रालय का दूसरा विभाग, डिपार्टमेंट ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी है, उसके अतिरिक्त कुछ आईआईटीज हैं, कुछ इंडियन इंस्टिट्यूट्स ऑफ साइंस, यानी आत्मनिर्भर भारत के मंत्र का पालन भी इन्हीं प्रयोगों से हुआ है।…(व्यवधान) दूसरा, जो अक्सर मोदी सरकार के द्वारा कहा जाता है, 'whole of Government Approach', इसमें देश के सारे वैज्ञानिक संस्थान शामिल थे और दूसरे विभाग भी शामिल थे।…(व्यवधान) तीसरा, सबसे महत्वपूर्ण है कि जैसा कि मैंने कहा है, शुभांशु ने जो प्रयोग किए हैं, प्रयोग तो एक भारतीय कर रहा है, उनकी किट्स भी भारत में विकसित की गई है, लेकिन उनका लाभ सारी मानवजाति को होने वाला है।…(व्यवधान) अर्थात विश्व बंधु भारत का सबसे प्रमुख, सबसे नुमाया मिशाल शुभांशु के इस यात्रा के द्वारा दुनिया के आगे रखी गई है।…(व्यवधान) So, it is Atmanirbhar Bharat; it is Vishvabandhu Bharat; it is Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas *aur* Sabka Prayas *wala* Bharat.

इन नतीजों के फायदे क्या होंगे?…(व्यवधान) हमारा गगनयान प्रमुख रहेगा।…(व्यवधान) अब मैं अपनी बात समाप्त करने वाला हूं।…(व्यवधान) मुझे लगा कि शायद विपक्ष वाले इस पर बोलेंगे, नहीं तो मैं उनकी तरफ से भी बोल दूं।…(व्यवधान) सभापति महोदय जी का इशारा आया है।…(व्यवधान)

इसमें हमारी इंटरनेशनल कोलैबोरेशंस को अपस्किलिंग भी मिलेगी।…(व्यवधान) क्योंकि दुनिया को हमारी क्षमताओं का अनुमान हुआ है।…(व्यवधान) हमारी बहुत सारी डॉकिंग-अनडॉकिंग की कैपेबिलिटीज में जब हमारा अपना इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन होगा, उसके लिए काम आएंगे।…(व्यवधान) हमारी लाइफ साइंसेज और ट्वाइन साइंसेज के जो प्रयोग शुभांशु ने किए हैं, उनका धरती पर भी इस्तेमाल होगा।…(व्यवधान)

मैं अपनी बात समाप्त करने से पहले केवल यह कहूंगा कि यह साल हमारे लिए इसलिए महत्वपूर्ण रहा है कि वर्ष 2024 का समापन स्पैडेक्स मिशन के साथ हुआ और वर्ष 2025 का आगाज NavIC, नैविगेशन मिशन से हुआ।…(व्यवधान) इसी सत्र के दौरान NISAR का एक लॉंच हुआ है।…(व्यवधान) जो हर 12 दिनों के बाद धरती के चित्र खींचेंगा।…(व्यवधान) वर्ष 2026 में हमारा व्योमित्र का फाइनल रिहर्सल होगा।…(व्यवधान)

वर्ष् 2027 में गगनयान के माध्यम से पहला हिन्दुस्तानी मानव अंतरिक्ष में जाएगा।...(व्यवधान) वर्ष 2035 में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और वर्ष 2040 में एक भारतीय चांद की धरती पर कदम रखेगा।...(व्यवधान)

इसलिए मुझे यह कहते हुए यकीन भी है और गर्व भी है कि मोदी जी के संकल्प, विकसित भारत की सिद्धि, वर्ष 2047 से कुछ साल पहले ही एक भारतीय, चांद की धरती पर पहुंच कर विकसित भारत की घोषणा अंतरिक्ष में चांद पर करने वाला है।...(व्यवधान) He will herald the coming of the *Viksit Bharat* by 2047. धन्यवाद।...(व्यवधान)

(इति)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया**) :** माननीय सदस्यगण, सदन में एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा चल रही है।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : सभी माननीय सदस्यों का इस चर्चा में भाग लेने की इच्छा भी है और जरूरत भी है।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : कृपया भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान में जो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है, उस चर्चा को पूरे देश की जनता तक पहुंचाना, हम सभी माननीय सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : कृपया, आप सभी अपनी सीट्स पर जाकर बैठिए।

...(<u>व्यवधान</u>)

HON. CHAIRPERSON: Please allow the House to have a special discussion on India's First Astronaut Aboard the International Space Station – Critical Role of Space Programme for 'Viksit Bharat by 2047'.

....(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: I would request you to let the discussion continue.

....(Interruptions)

HON. CHAIRPERSON: Please go back to your seats.

....(Interruptions

माननीय सभापति : आप सभी लोग बैठ जाइए।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : मैं आपके कारण सदन के प्रति भारत की जनता का आक्रोश देख रहा हूं।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : आप लोग हर दिन पोस्टर्स-बैनर्स लेकर पार्लियामेंट में आते हैं, सदन में आते हैं।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : देश के महत्वपूर्ण स्पेस टेक्नोलॉजी के ऊपर सदन में चर्चा शुरू हुई है।

…(व्यवधान)

(1430/IND/PBT)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : आदरणीय मंत्री जी ने अपना विषय प्रस्तुत किया है। आप सब लोग भी इस चर्चा में भाग लीजिए। इसमें आप लोग भी अपना विषय जरूर रखिए। अगर आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं। If you will not allow to run the business of the House, तो हमारे पास कोई विकल्प नहीं है कि इस सदन को फिर पूरे दिन के लिए स्थगित करना पड़ेगा।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप इस चर्चा में भाग लीजिए। अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की जो महत्वपूर्ण सफलता है, उसकी चर्चा में आप लोग भाग लीजिए। क्या आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं? देश की जनता आपको देख रही है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सदन में आपका इस तरह का व्यवहार जनता एक्सैप्ट नहीं करती है। इस विषय पर आपको जरूर ध्यान देना चाहिए। विशेषकर, स्पेस टेक्नोलॉजी और स्पेस साइंस पर हमारी जो उपलब्धि है, उसके ऊपर आपको पॉजिटिविटी दिखानी चाहिए। आप लोगों को पॉजिटिव थिंग के रूप में इसको देखना चाहिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : अगर आप लोग सदन नहीं चलाना चाहते हैं तो सदन की कार्यवाही 19 अगस्त, 2025 के 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

… (व्यवधान)

1431 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 19 अगस्त 2025 / 28 श्रावण 1947 (शक)
के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।